ग्लोबल कांफ्रेंस 2023 का किया गया उद्घाटन

जासं, रांची : आइआइएम रांची में इंटरनेशनल सोसाइटी फार डेटा साइंसेज एंड इनोवेशन ग्लोबल कांफ्रेंस 2023 के 16वें संस्करण का अनावरण और उद्घाटन किया गया। जिसका विषय वैश्वीकरण की दुनिया में डिजिटल इंटरकनेक्शन की शक्ति...था। सम्मेलन में देश-विदेश से आए विद्वानों, शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और नीति निर्माताओं ने अपने अनुभव साझा किए। प्रो. राजेश जैन ने कहा कि सम्मेलन में कुल 593 प्रस्तुतियां प्राप्त हुईं। जो आइआइएम, आइआइटी, अग्रणी प्रमुख बिजनेस स्कूल और केंद्रीय विवि के प्रबंधन विभाग सहित दुनिया भर के 1078 लेखकों द्वारा लिखी गई हैं।

Dainik Jagran_28.12.2023_Pg. 04